सह लुंगी मै सारी जुदाई

सह लुंगी मै सारी जुदाई की रतियाँ,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

प्रीत लगाई और दिल शर्माया,
बेदर्दी तू फिर भी नहीं आया,
कान्हा तू फिर भी नहीं आया,
झूठे तेरे वादे और झूठी तेरी बतियाँ,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

तू भी झूठा तेरी प्रीत भी झूठी,
बेदर्दी तूने सब कुछ लुटा,
धड़क रही है मेरी व्याकुल छतिया,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

प्यार जता के तन मन लुटा,
कान्हा तूने सब कुछ लुटा,
झूठे तेरे वादे और झूठी तेरी बतियाँ,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

राह तकत बस रह गई अँखियाँ,
पागल कर गई मोहे तेरी सखियाँ,
झूठे तेरे वादे और झूठी तेरी बतियाँ,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

सह लुंगी मै सारी जुदाई की रतियाँ,
अब ना करुँगी बिहारी तोसे बतियाँ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3540/title/seh-lungi-main-sari-judai-ki-ratiyan-ab-naa-karugi-bihari-tose-batiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |